पंजाब केसरी
SAT,09 MAY 2026
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 2

सी.आर.एस.यू. के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

भ्रमण के दौरान स्टाफ के साथ मौजूद बच्चे।

जींद, 8 मई (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण के अंतर्गत विभाग के लगभग 22 विद्यार्थियों ने समुदाय सर्वेक्षण विषय के तहत जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान इक्कस का दौरा किया। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप में लागू करने का अवसर प्रदान करना तथा उन्हें समाज के संवेदनशील वर्गों के जीवन से अवगत कराना था।

इस अवसर पर विभाग प्रभारी डॉ. कपिल देव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। इससे न केवल उनके ज्ञान का विस्तार होता है, बल्कि वे समाज के विभिन्न वर्गों की वास्तविक परिस्थितियों को समझ पाते हैं।संस्थान को निकट से जानना विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सहानुभूति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को विकसित करता है, जो एक अच्छे शिक्षक बनने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

विभागाध्यक्ष प्रो. कुलदीप नारा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि इसका वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज से जोड़ना और उन्हें मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण बनाना है। इस प्रकार के भ्रमण विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों से रूबरू कराते हैं, जिससे वे अपने ज्ञान को अधिक प्रभावी ढंग से समझ और लागू कर पाते हैं।

साथ ही, यह अनुभव उनके व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान इक्कस पहुंचने पर डॉ. विकास (विशेषज्ञ अर्थशास्त्र), डॉ. हरिकेश (विशेषज्ञ अंग्रेजी) और डॉ. जगमेन्द्र (विशेषज्ञ जीव विज्ञान) और अन्य स्टाफ सदस्यों ने सभी का हार्दिक स्वागत किया तथा स्टाफ के सहयोग से विद्यार्थियों को संस्थान का भ्रमण करवाया और सभी के साथ डॉ. हरिकेश ने सभी प्रकार की प्रशासनिक, अवसंरचना, अवलोकन, निरीक्षण, शिक्षण और प्रशिक्षण, और संस्थागत कार्यप्रणाली सम्बन्धी सभी गतिविधियों का विवरण दिया।

दैनिक भास्कर
जींद भास्कर 09-05-2026

छात्रों का ज्ञान बढ़ाते हैं शैक्षणिक भ्रमण

जींद| चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। विवि के करीब 22 विद्यार्थियों ने समुदाय सर्वेक्षण विषय के तहत जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान इक्कस का शैक्षणिक भ्रमण किया। विभाग प्रभारी कपिल देव ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के समग्र विकास में मदद करने के साथ-साथ ज्ञान बढ़ाने का काम करते हैं। इस अवसर पर विकास, हरिकेश, जगमेंद्र, रोमी, सविता रानी, सुदेश, नीरू आदि उपस्थित थे।

अमर उजाला
हर सवेरे नया जोश नया उजाला

Date-09.05.2026

ईक्कस डाइट का किया शैक्षणिक भ्रमण

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मौजूद स्टाफ और विद्यार्थी। स्रोत : विवि

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग की ओर से 22 विद्यार्थियों ने समुदाय सर्वेक्षण विषय के अंतर्गत जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान, इक्कस का दौरा किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। विभाग प्रभारी डॉ. कपिल देव और विभागाध्यक्ष प्रो. कुलदीप नारा ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है। इस तरह के भ्रमण से विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सहानुभूति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। डॉ. हरिकेश ने विद्यार्थियों को संस्थान की प्रशासनिक कार्यप्रणाली, बुनियादी ढांचे और शिक्षक प्रशिक्षण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान डॉ. रोमी, डॉ. सविता रानी, सुदेश, डॉ. जगमेंद्र और नीरू मौजूद रहीं। संवाद